रोल नं. मुद्रित पृष्ठों की संख्या :

Roll No. No. of printed pages :

**2026**

मनोविज्ञान(सैद्धान्तिक)

**PSYCHOLOGY(Theory)**

समय : 3 घंटा पूर्णांक : 70 अंक

TIME : 3 HOURS Max. Marks : 70

कक्षा – 12

निर्देश :– (i) इस प्रश्नपत्र में कुल 22 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

Directions :- There are 22 questions in this question paper. All questions are compulsory.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में 4 विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

Question number 1 is multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question numbers 2 to 5 are definite answer type answer questions.

(v) प्रश्न संख्या 6 से 11 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।

Question numbers 6 to 11 are very short answer type questions, to be answered in about 30 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 12 से 15 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।

Question numbers 12 to 15 are short answer type questions, to be answered in about 60 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 16 से 20 तक भी लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

Question numbers 16 to 20 are also short answer type questions, to be answered in about 100 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 21 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिसका उत्तर लगभग 200 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 22 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है।

Question number 21 is long answer type question, to be answered in about 200 words. Question No. 22 is Case/Source based question.

(ix) इस प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) एक शोधकर्ता प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विशेषकों का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण कर रहा है। सर्वेक्षण में एक प्रश्न पूछा गया कि ''जब किसी को आवष्यकता होती है तो मैं हमेषा उनकी सहायता करता/करती हूँ।'' निम्नलिखित में से कौन से पूर्वाग्रह के इस प्रश्न की अनुक्रिया को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना है? 1

(i) गैर–अनुक्रिया पूर्वाग्रह (ii) अनुमनन

(iii) यादृच्छित अनुक्रिया (iv) सामाजिक वांछनीयता

A researcher is conducting a survey to assess the personality traits of participants. One of the items in the survey asks, "I always help others when they are in need." Which of the following biases is most likely to affect the response to this item?

(i) Non- response bias (ii) Acquiescence

(iii) Random responding (iv) Social desirability

(ख) एक अध्ययन में पाया गया है कि जो व्यक्ति नियमित रूप से उच्च दबाव से ग्रस्त रहते हैं, उनमें संक्रमण होने की अधिक संभावना होती है। इस अवलोकन को इस प्रकार समझाया जा सकता है– 1

(i) दबाव के कारण रोग प्रतिकारकों का बढ़ना (ii) दबाव के कारण रोग ष्वेताणुओं का बढ़ना

(iii) दबाव के कारण दुर्बल प्रतिरक्षा अनुक्रिया (iv) दबाव के कारण नींद की अवष्यकता में कमी

A study finds that individuals who are regularly exposed to high stress levels have a higher incidence of infections. This observation can be explained by-

(i) Enhanced production of antibodies during stress (ii) Increase white cell count due to stress

(iii) Impaired immune response due to stress (iv) Reduced need for sleep due to stress

(ग) जिन बच्चों को सामाजिक अन्योन्यक्रिया और संप्रेषण में स्पष्ट कठिनाई होती है, नित्यचर्या के लिए इच्छा और प्रतिबंधित अभिरूचियॉ होती हैं, वे ग्रस्त होते हैं– 1

(i) अलोगिया से (ii) आवेगषीलता(इंपल्सिविटी) से

(iii) अतिक्रियाशीलता(हाइपरएक्टिविटी) से (iv) स्वलीनता(ऑटिज़्म) से

Children who have marked difficulties in social interaction and communication, desire for routine and restricted interests are suffering from-

(i) Alogia (ii) Impulsivity

(iii) Hyperactivity (iv) Autism

(घ) 'दुर्भीति या अविवेकी भय के उपचार के लिए वोल्प द्वारा प्रतिपादित क्रमिक विसंचेदीकरण एक तकनीक है।' उपर्युक्त चिकित्सा के संदर्भ में निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए : 1

(A) सेवार्थी के साथ–साथ चिकित्सक दुश्चिंता उत्पन्न करने वाले उद्दीपकों का एक पदानुक्रम तैयार करता है और सबसे कम दुश्चिंता उत्पन्न करने वाले उद्दीपकों को पदानुक्रम में सबसे नीचे रखता है।

(B) सेवार्थी का साक्षात्कार भय उत्पन्न करने वाली स्थितियों को जानने के लिए किया जाता है।

(C) कई सत्रों के पश्चात सेवार्थी विश्रांति की अवस्था बनाए रखते हुए तीव्र भय उत्पन्न करने वाली स्थितियों के बारे में सोचने में समर्थ हो जाता है।

(D) चिकित्सक सेवार्थी को विश्रांत करता है और सबसे कम दुश्चिंता उत्पन्न करने वाली स्थिति के बारे में सोचने को कहता है।

(i) (A)-(D)-(C)-(B) (ii) (C)-(D)-(A)-(B)

(iii) (D)-(A)-(B)-(C) (iv) (B)-(A)-(D)-(C)

'Systematic desensitisation is a technique introduced by Wolpe for treating phobias or irrational fears.' Referring to the above therapy, arrange the following in the correct sequence:

(A) Together with the client, the therapist prepares a hierarchy of anxiety-provoking stimuli with the least anxiety-provoking stimuli at the bottom of the hierarchy.

(B) The client is interviewed to elicit fear-provoking situations.

(C) Over sessions, the client is able to imagine more severe fear-provoking situations while maintaining the relaxation.

(D) The therapist relaxes the client and asks the client to think about the least anxiety-provoking situation.

(i) (A)-(D)-(C)-(B) (ii) (C)-(D)-(A)-(B)

(iii) (D)-(A)-(B)-(C) (iv) (B)-(A)-(D)-(C)

(ङ) 14 वर्षीय एक लड़की को साइकोमेट्रिक परीक्षण के लिए भेजा गया, जहॉं उसकी बुद्धिलब्धि 140 पाई गई। उसकी मानसिक आयु क्या होगी? 1

(i) मानसिक आयु कालानुक्रमिक आयु से अधिक होगी।

(ii) मानसिक आयु कालानुक्रमिक आयु से कम होगी।

(iii) मानसिक आयु कालानुक्रमिक आयु के बराबर होगी।

(iv) मानसिक आयु का कालानुक्रमिक आयु से कोई संबंध नहीं होगा।

A 14-year-old girl was sent for psychometric testing, where her I.Q. was found to be 140. What will her Mental Age (MA) be like?

(i) Mental age will be greater than chronological age.
(ii) Mental age will be less than chronological age.
(iii) Mental age will be equal to chronological age.
(iv) Mental age will have no relationship with chronological age.

(च) राहुल महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति किसी सीमा तक सकारात्मक अभिवृत्ति रखता है। जब उसने कल्पना चावला की उपलब्धियों के बारे में पढ़ा, तो उसकी अभिवृत्ति और अधिक सकारात्मक हो गई। यह एक............................ परिवर्तन होगा। 1

| | |
|---|---|
| (i) चरम | (ii) सरल |
| (iii) सर्वसम | (iv) विसंगत |

Rahul has a somewhat positive attitude towards empowerment of women. When he read about Kalpana Chawla's achievement, his attitude become more positive. This would be a/an ......................... change.

| | |
|---|---|
| (i) Extreme | (ii) Simple |
| (iii) Congruent | (iv) Incongruent |

(छ) रमेश एक चिकित्सा करवा रहा है, जहॉं उसे उन शारीरिक प्रक्रियाओं और संवेगो को पहचानना सिखाया जा रहा है जो उसकी जागरूकता में अवरूद्ध हो रहे हैं। यहॉं कौन–सी चिकित्सा उपयोग की जा रही है? 1

| | |
|---|---|
| (i) सेवार्थी–केद्रित चिकित्सा | (ii) उद्बोधक चिकित्सा |
| (iii) संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा | (iv) गेस्टाल्ट चिकित्सा |

Ramesh is undergoing a therapy where he is being taught to recognise bodily processes and the emotions that are being blocked out from his awareness. Which therapy is being applied here?

| | |
|---|---|
| (i) Client-centred therapy | (ii) Logo therapy |
| (iii) Cognitive behaviour therapy | (iv) Gestalt therapy |

(ज) निम्नलिखित में से अभिवृत्ति परिवर्तन का कारण बनने वाला कौन–सा कारक नहीं है? 1

| | |
|---|---|
| (i) संदेश की विशेषताऍं | (ii) पर्यावरणी विशेषताऍं |
| (iii) स्रोत की विशेषताऍं | (iv) लक्ष्य की विशेषताऍं |

Which one of the following is not a factor that will lead to attitude change?

| | |
|---|---|
| (i) Message characteristics | (ii) Environmental characteristics |
| (iii) Source characteristics | (iv) Target characteristics |

(झ) निम्नलिखित कथनों की विवेचना करें – 1

कथन 1 : मिनिसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची (MMPI) व्यक्तित्व मापने का परीक्षण है।

कथन 2 : मिनिसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची (MMPI) द्वारा व्यक्ति की अभिरूचि की माप होती है।

इन कथनों में –

(i) दोनो कथन सही हैं तथा कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या है।

(ii) दोनो कथन सही हैं परन्तु कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) कथन 1 सही है परन्तु कथन 2 असत्य है।

(iv) कथन 1 असत्य है परन्तु कथन 2 सही है।

Discuss the following statement -
Statement 1 : Minnesota multiphasic personality inventory (MMPI) is a test to measure personality.
Statement 2 : Minnesota multiphasic personality inventory (MMPI) measures a person's interest.
In these statements -

(i) Both statements are correct and statement 2 is the correct explanation of statement 1.
(ii) Both statements are correct but statement 2 is not the correct explanation of statement 1.
(iii½) Statement 1 is correct but statement 2 is false.
(iv) Statement 1 is false but statement 2 is correct.

(ञ) निम्नलिखित कथनों की विवेचना करें ? 1

कथन 1 : प्रत्यक्षण करने, सीखने, समझने, जानने की योग्यता को बुद्धि कहते है।
कथन 2 : बुद्धि के एक कारक सिद्धान्त का प्रतिपादन विलियम स्टर्न ने किया।
इन कथनों में –

(i) दोनो कथन सही हैं तथा कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या करता है।

(ii) दोनो कथन सही हैं परन्तु कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन 1 असत्य है परन्तु कथन 2 सही है।

(iv) कथन 1 सही है परन्तु कथन 2 असत्य है।

Discuss the following statement -
Statement 1 : The ability to perceive, learn, understand and knowing is called intelligence.
Statement 2 : One factor theory of intelligence was propounded by William Stern.
In these statements -

(i) Both statements are correct and statement 2 is the correct explanation of statement 1.
(ii) Both statements are correct but statement 2 is not the correct explanation of statement 1.
(iii) Statement 1 is correct but statement 2 is false.
(iv) Statement 1 is false but statement 2 is correct.

2. .............................. एक विधि है जिसमें व्यक्ति अपने बारे में वास्तविक तथ्यपरक सूचना देता है। 1
........................ is a method in which a person provides factual information about herself/himself.

3. सृजनात्मक मानस–प्रत्यक्षीकरण एक वस्तुपरक अनुभव है जो प्रतिमा और .........................का उपयोग करता है। 1

Creative visualisation is a subjective experience that uses imagery and....................................

4. आत्मनियमन की धारणा बंदूरा के सामाजिक अधिगम सिद्धान्त पर आधारित है। (सत्य / असत्य) 1
The notion of self-regulation is based on Bandura's social learning theory. (True/False)

5. तद्नुभूति में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की दुर्दशा को समझ सकता है और उसी की तरह अनुभव कर सकता है। (सत्य / असत्य) 1
Empathy is present, when one is able to understand the plight of another person, and feels like the other person. (True/False)

6. मूल विशेषक और सतही/पृष्ठ विशेषक के अंतर को स्पष्ट कीजिए। 2
What is the difference between source and surface traits?

7. व्यक्तित्व की किन्ही दो विशेषताओं को बताइए। 2
State any two features of personality.

8. रागिनी को अपनी शरीर प्रतिमा के बारे में ग़लत धारणा है जिसके कारण वह अपने को अधिक वज़न वाला समझती है। इस विचार का क्या नकारात्मक प्रभाव हो सकता है? 2
Ragini has a distorted body image that leads her to see herself as overweight. What can be the negative after-effect of this thought?

9. पुनःस्थापन केन्द्रों में रोगियों का सामाजिक कौशल प्रशिक्षण क्यों दिया जाता हैं? व्याख्या कीजिए। 2
Why is social skills training provided to patients in rehabilitation centres? Explain.

10. पूर्वाग्रह भेदभाव से किस प्रकार भिन्न है? स्पष्ट कीजिए। 2
How prejudice is different from discrimination? Explain.

11. फरमान द्वारा चोरी करने पर दण्डित करने के लिए कमलेश के समूह का प्रारंभिक आधार दृढ़ बना क्योंकि उसके समूह का ध्रुवीकरण हुआ। इसके उत्तर प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 2
Kamlesh's group's initial position of punishing Farman for stealing strengthened, as his group was polarised. Explain it's after effects.

12. टर्मन के शोध निष्कर्षों के आधार पर बुद्धि और सृजनात्मकता के संबंध का विष्लेषण कीजिए। 3
Analise the relationship between intelligence and creativity, based on Terman's research findings.

13. रेखा और अरूण एक ही पर्यावरण में पले–बढ़े भाई–बहन हैं। अरूण गणित के सभी सूत्रों को जानता है और उन्हे ज्यों का त्यों दोहरा सकता है लेकिन इन सूत्रों पर आधारित प्रश्नों को हल नहीं कर सकता, जबकि रेखा उन सूत्रों पर आधारित किसी भी प्रश्न को इन सूत्रों का उपयोग कर हल कर सकती है। दोनों जिस बुद्धि का प्रदर्शन करते हैं, उसकी व्याख्या कीजिए। यह सिद्धान्त किस उपागम पर आधारित है? 3
Rekha and Arun are siblings brought up in the same environment. Arun knows all the formulas in mathematics and can recall them as they are but cannot solve problems based on those formulas. Whereas Rekha can use formulas to solve any kind of problem that are based on them. Explain the intelligence they both exhibit. Which approach is this theory based on?

14. मनोवैज्ञानिक प्रकार्य पर पड़ने वाले दबाव के किन्हीं तीन प्रमुख प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 3
Explain any three major effects of stress on psychological functioning.

15. पल्लवी एक संगठन में अधिकारी के रूप में कार्यरत एक युवा लड़की है। एक दिन वह अचानक शहर से गायब हो गई और दो साल बाद एक नदी के तट पर मिली। वहॉ कोई नहीं जानता था कि वह कौन थी और कहॉ से आई थी। लेकिन, एक दिन वह अचानक 'होश' में आई और उसने जानना चाहा कि वह नदी के तट पर कैसे पहुंची। इस विकार की व्याख्या कीजिए और इस श्रेणी के अन्य विकारों की सूची बनाइए। 3
Pallavi is a young girl working as an officer in an organisation. One day she just disappeared from the city and after two years, she was found on the banks of a river. Nobody there knew who she was and where she had come from. But, one day she suddenly 'woke up' and wanted to know how she had reached the banks of the river. Explain this disorder and list the other disorders in the same category.

16. मूल्यांकन से क्या तात्पर्य है? मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन की किन्ही तीन विधियों को स्पष्ट कीजिए। 4

What is assessment? Explain any three methods of psychological assessment.

17. पर्यावरण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यक्तियों के पास सही जीवन कौशल होना चाहिए। किन्ही चार जीवन कौशलों को स्पष्ट कीजिए। 4

To deal effectively with environment, the individual must possess the right life skill. Explain any four of these life skills.

18. दोषपूर्ण व्यवहार को दूर करने के लिए व्यवहार चिकित्सा में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों की चर्चा कीजिए। 4

अथवा

मानवतावादी अस्तित्ववात्मक चिकित्सा पद्धति के अनुसार मनोवैज्ञानिक व्यथा को स्पष्ट कीजिए।

Discuss the various techniques used in behaviour therapy to eliminate faulty behaviours.

or

Explain psychological distress according to humanistic-existential therapy.

19. उन कारकों की चर्चा कीजिए जो अभिवृत्ति निर्माण को प्रभावित करते हैं। 4

अथवा

अभिवृत्ति क्या है? इसके विभिन्न घटकों को समझाइए।

Discuss the factors that influence attitude formation.

or

What is attitude? Explain its various components.

20. सामाजिक स्वैराचार क्या है? एक समूह कार्य में सामाजिक स्वैराचार को कैसे कम किया जा सकता है? 4

What is social loafing? How can social loafing be reduced in group work?

21. किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को समझने के लिए मानवतावादी उपागम को स्पष्ट कीजिए। 6

अथवा

फ्रायड ने व्यक्तित्व की संरचना की व्याख्या कैसे की है? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से समझाइए।

Explain the humanistic approach to understand the personality of an individual.

or

How does Freud explain the structure of personality? Explain with the help of suitable examples.

22. निम्नलिखित पैराग्राफ को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

छह– वर्षीय एक लड़का, विनोद को खाना खाने और कपड़े पहनने में कठिनाई होती है, लेकिन माता–पिता के प्रशिक्षण ने उसे थोड़ा स्वतंत्र होने में मदद की है। उसे अपने परिवार से बाहर मित्र बनाने में कठिनाई होती है। उसके माता–पिता हमेशा उसके बारे में चिंतित रहते हैं और जानते हैं कि दैनिक कार्यों में उसे लगातार देख–रेख की आवश्यकता है। विनोद का भाई समझता है कि वह क्या कहना चाहता है और उसकी आवश्यकताएँ क्या हैं, लेकिन उसके साथियों के लिए समझना मुश्किल है क्योंकि संप्रेक्षण और भाषा कौशलों में वह उनसे पीछे है।

विनोद की इस पूरी यात्रा के दौरान मनोवैज्ञानिकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उसके परिवार के साथ विभिन्न रणनीतियों और संसाधनों का उपयोग करके उसके सार्थक भविष्य के लिए योजनाएँ बनाने पर ध्यान केन्द्रित

किया। इसके अंतर्गत उन्हे सही समय पर उपयुक्त जानकारी देना, संसाधनों को समझना और उनसे जुड़ना षामिल था।

(क) विनोद किस विकार को प्रदर्शित कर रहा है? इसे स्वलीनता वर्णक्रम विकार से अलग कीजिए। 2

(ख) विनोद में दिखाई देने वाले लक्षण उस विकार के अति गंभीर रूप से कैसे अलग हैं। 2

(ग) विनोद के विकार को समझने के लिए मनोवैज्ञानिक विकारों को वर्गीकृत करने के लिए मनोवैज्ञानिक किस वस्तु की सहायता लेते हैं? 2

Read the paragraph and give the answers of given questions :

Vinod, a 6-year-old boy, has difficulty in feeding and dressing himself, but training from his parents helped him to be a little independent. He faces trouble making friends outside his family and has difficulty in dealing with people in social situations. His parents are always worried about him and are aware that he need consistent level of supervision in daily tasks. Vinod's brother understands his need and what he says but it is difficult for his peers to understand as he lags behind them in communication and language skills.

Throughout Vinod's journey, psychologists and health workers focused on engaging his family in meaningful future planning using a variety of strategies and resources. This includes offering them on-going and timely information and assisting the family to understand and connect to resources.

(a) Identify the disorder, Vinod is exhibiting? Distinguish it from autism spectrum disorder. 2

(b) How are the symptoms that Vinod is exhibiting different from a more severe form of that disorder? 2

(c) In order to understand Vinod's disorder, What do psychologists refer to classify psychological disorders? 2